महत्वपूर्ण/ई–मेल

संख्या–1974(3)/2024/8–3099/1736/2020

प्रेषक,

उदय भानु त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
   उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद,
   लखनऊ।
2. **उपाध्यक्ष,**
   समस्त विकास प्राधिकरण,
   उत्तर प्रदेश।
3. **रजिस्ट्रार,**
   उ.प्र. भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण,
   लखनऊ।
4. **सचिव,**
   उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण,
   लखनऊ।

उपाध्यक्ष
04 SEP 2024
विकास प्राधिकरण
अयोध्या

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 **लखनऊः दिनॉकः 03 सितम्बर, 2024**

विषयः– उत्तर प्रदेश भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ में सदस्य (तकनीकी) के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति संबंधी।

महोदय,

कृपया उत्तर प्रदेश भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण में सदस्य (तकनीकी) के रिक्त 01 पद पर नियुक्ति के संबंध में समाचार पत्रों में दिनांक 03.09.2024 को प्रकाशित आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 की विज्ञप्ति संख्या–1974/ 2024/8–3099/1736/2020 दिनांक 02.09.2024 **(छायाप्रति संलग्न)** का अवलोकन करने का कष्ट करें।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपीलीय अधिकरण में सदस्य (तकनीकी) के रिक्त 01 पद पर नियुक्ति संबंधी प्रकाशित उक्त विज्ञप्ति दिनांक 03.09.2024 को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु अपने अभिकरण की वेबसाइट पर तत्काल प्रमुखता से प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(उदय भानु त्रिपाठी)
विशेष सचिव

संख्या–1974(4)/2024/8–3099/1736/2020–तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) निजी सचिव, रजिस्ट्रार, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।
(2) निजी सचिव, प्रमुख सचिव, विधायी विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

(अरूण कुमार)
अनु सचिव

K.P.-G.O.-2024 R

उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3
संख्या–1974/2024/8–3099/1736/2020
लखनऊ: दिनांक: 02 सितम्बर, 2024

विज्ञप्ति

विषयः–उत्तर प्रदेश भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ में सदस्य (तकनीकी) के 01 रिक्त पद पर नियुक्ति।

उत्तर प्रदेश भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ में सदस्य (तकनीकी) के 01 रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए भू–सम्पदा अधिनियम में निर्धारित मानदण्ड पूरा करने वाले इच्छुक योग्य व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 की विज्ञप्ति संख्या–1737/2024/8–3099/1736/2020 दिनांक 05.08.2024 समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी। उक्त विज्ञप्ति के माध्यम से दिनांक 07.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 की रात्रि 12:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

2– उक्त विज्ञप्ति के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण, लखनऊ में सदस्य (तकनीकी) के 01 रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए भू–सम्पदा अधिनियम, 2016 की धारा–46(1)(सी) में निर्धारित मानदण्ड पूरा करने वाले इच्छुक योग्य व्यक्ति आवास एवं शहरी नियोजन विभाग तथा आवास बन्धु की वेबसाइट https://awas.upsdc.gov.in एवं https://www.awasbandhu.in पर प्रदर्शित लिंक पर अब दिनांक 02.09.2024 से दिनांक 08.09.2024 की रात्रि 12 बजे तक की अतिरिक्त अवधि में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र केवल ऑन लाईन स्वीकार किये जायेंगे। पृथक से प्रेषित किसी आवेदन पत्र/अभिलेख पर विचार नहीं कियां जायेगा। विज्ञप्ति दिनांक 05.08.2024 के कम में आवेदन कर चुके व्यक्तियों को पुनः आवेदन किये जाने की आवश्यकता नहीं है।

3– ऑन लाईन आवेदन पत्र के साथ आवेदक को समस्त वांछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियाँ तथा स्वप्रमाणित घोषणा (जैसा कि आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है) संलग्न करना अनिवार्य है। अपीलीय अधिकरण में सदस्य (तकनीकी) के पद की अर्हता, सेवा शर्ते, पदावधि, वेतन भत्ते आदि के संबंध में विस्तृत विवरण भू–संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम–2016 के अध्याय–7 तथा उत्तर प्रदेश भू–संपदा (विनियमन एवं विकास) नियमावली–2016 के अध्याय–7 में देखा जा सकता है। उक्त अधिनियम एवं नियमावली उपर्युक्त वर्णित वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(डॉ0 नितिन रमेश गोकर्ण)
अपर मुख्य सचिव